अतिआवश्यक

राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 8(युवा महोत्सव)एनएसएस/2019/472 दिनांकः 24-12-19

प्राचार्य,

समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,

राजस्थान।

विषय :- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150वें जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में उनकी पुण्य तिथि दिनांक 30 जनवरी, 2020 को आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के सम्बन्ध में अविलम्ब सूचना भिजवाने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150वें जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में उनकी पुण्य तिथि दिनांक 30 जनवरी, 2020 को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयों में संचालित एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट एवं स्पोर्टस् में से प्रत्येक इकाई में से कम से कम दस युवा प्रतिनिधि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करवाने का श्रम करें। युवा प्रतिभागियों के साथ प्रत्येक इकाई के प्रभारी अधिकारी का आना आवश्यक है।

प्रदेश के जिन महाविद्यालयों में एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट एवं स्पोर्टस गतिविधियों का संचालन नहीं हो रहा है उन महाविद्यालयों से कम से कम 10 विद्यार्थियों को युवा महोत्सव भिजवाना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के लिए प्रत्येक महाविद्यालय से चयनित प्रतिभागियों से संबंधित आवश्यक जानकारी nsscceraj@gmail.com पर संलग्न excel sheet में दिनांक 05-01-2020 तक आवश्यक रूप से भरवाना सुनिश्चित करें।

प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवा प्रतिभागियों के आने-जाने का व्यय छात्र निधिकोष/विकास शुल्क से किया जावे।

नोटः- विस्तृत जानकारी हेतु आवश्यकतानुसार डॉ. बनय सिंह, राज्य समन्वयक (9414293353), श्री एस.पी. भटनागर क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.एस. (8619002804) श्री शैलेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक, एच.आर.डी. (9414775718) एवं श्री संदीप कुमार, सहायक आचार्य, आई.टी.सैल (9829066259) से सम्पर्क किया जा सकता है।

संलग्न excel sheet

कृपया पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS,
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ठ शासन सचिव, उच्च शिक्षा,
राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ 8(युवा महोत्सव)एनएसएस/2019/472 दिनांकः 24-12-19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, एन.एस.एस., देवनगर, जयपुर।
4. संबंधित अधिकारी।
5. समस्त जिला समन्वयक, एन.एस.एस.।
6. वेब प्रभारी को अपलोड /ई-मेल हेतु।
7. रक्षित पत्रावली

(डॉ. बनय सिंह)
राज्य समन्वयक(एन.एस.एस.),
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ

acad Letter